(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

# सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

दूरभाषः (0755) 2761225, ई-मेलः vidyabhartibpl@gmail.com,

www.vidyabhartimp.org

पंजीयन क्र.-17195

पत्र क्रमांक :687/2019 दिनांक-27/09/2019

प्रति,

श्रीमान विभाग समन्वयक महोदय,
मध्यभारत प्रान्त

**विषयः कॉपी टेबिल बुक हेतु जानकारी भेजने विषय।**

बन्धुवर,

सादर नमस्कार!

उपरोक्त विषय में लेख है कि विद्याभारती अखिल भारतीय योजना के अनुसार कॉपी टेबिल बुक निर्माण हेतु प्रान्त बैठक दिनांक 19 अगस्त 2019 को आयोजित की गयी थी जिसमें चर्चा उपरान्त विचार किया गया कि अपने प्रान्त से श्रेष्ठ जानकारी संग्रहित कर 25 अक्टूबर 2019 तक प्रान्तीय कार्यालय को उपलब्ध हो सके। इसी तारतम्य में निम्न बिन्दुओं पर जानकारी अपेक्षित है। बिन्दु निम्नानुसार है-

1. सभी आयामों, कार्य विभागों, प्रकल्पों, विद्यालयों, संस्थानों जैसे राष्ट्रीय प्रधानाचार्य सम्मेलन, बाल संगम, कलापर्व, समरस भारत, राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता जैसे बड़े कार्यक्रमों के वृत्त, फोटो, प्रमुख अतिथि आदि।
2. संख्यात्मक वृत्त एवं बड़े कार्यक्रमों के फोटो, समाचार पत्र में छपी खबर तथा अपने द्वारा प्रकाशित प्रमुख पत्र/ पत्रिकाओं में छपी विभिन्न स्मृतियाँ तथा आंकड़े।
3. संवेदनशील क्षेत्र, सीमावर्ती क्षेत्र तथा सेवा क्षेत्र में कार्य के बढ़ते चरण।
4. बालिका शिक्षा (Girls Education) में हमारी उपलब्धियाँ ।
5. विद्यालय/प्रकल्प, कार्यक्रम में पधारे विभिन्न प्रमुख सामाजिक/शैक्षिक/राजनीतिक/आध्यात्मिक शिखर प्रमुखों के फोटो, वक्तव्य व कार्यक्रम जानकारी।
6. विद्यालयों/प्रकल्पों की प्रमुख उपलब्धियों का विवरण (शैक्षणिक, खेल आदि)
7. उन सभी पूर्व छात्रों की सूची व विवरण जिन्होने किसी विशिष्ट क्षेत्र में उच्च कोटि की प्रतिभा का प्रदर्शन किया है जैसे खेल, सामाजिक कार्य, उद्योग, कला आदि।
8. उन आचार्यों/ कार्यकर्ताओं का विवरण (फोटो सहित) जिन्होने कार्य की व्याप्ति में लंबे समय तक नींव के पत्थर बनकर कार्य किया।
9. अपने विद्यालयों से ऐसे बन्धुओं की सूची बनाना जिनका साक्षात्कार लिया जाना अपेक्षित है ।
10. प्रमुख बड़े दानदाताओं का विवरण ।
11. अपनी सफलताओं, उपलब्धियों व प्रभाव को प्रदर्शित करने वाले समाचार, फोटो तथा आँकड़े ।

**नोट** 1. अधिकारिक (Authentic) जानकारी ही भेजें।
2. जानकारी निश्चयात्मक हो।

(मोहनलाल गुप्ता)
प्रादेशिक सचिव

**प्रतिलिपिः-**

1. श्रीमान अध्यक्ष/संगठन मंत्री, सह-संगठन मंत्री महोदय, मध्यभारत प्रान्त।
2. श्रीमान प्रान्त प्रमुख की ओर सूचनार्थ।

E:\P19-20 Coffice Table Book